प्रेस नोट
दिनांक 14.02.2026

थाना को0 नगर पुलिस द्वारा जालसाजी व आपराधिक विश्वासघात करने के वांछित अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार-

कार्यवाही:-
श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय श्री विनीत जायसवाल द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक गोण्डा पूर्वी श्री मनोज कुमार रावत के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी नगर श्री आनन्द कुमार राय के नेतृत्व में थाना को0 नगर पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0-280/25, धारा 319(2), 318 (4),338,336 (3),340 (2),316 (2) बीएनएस से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त प्रमोद मौर्या उर्फ प्रमोद कुमार पुत्र छोटे उम्र 33 वर्ष निवासी बहबोलिया महादा थाना रिसिया जनपद बहराईच को बहबोलिया चौराहा के पास थाना क्षेत्र रिसिया जनपद बहराईच से गिरफ्तार कर लिया गया।

घटना का संक्षिप्त विवरण-
दिनांक 22.09.2024 को वादी कलीम मोहम्मद कलीम पुत्र स्व बब्बू खां निवासी महराजगंज शहर,थाना कोतवाली नगर जनपद गोण्डा द्वारा थाना कोतवाली नगर में लिखित तहरीर दी गयी कि विपक्षीगणों 1. रुस्तम, 2. प्रमोद मौर्या आदि द्वारा प्रार्थी को बहराईच में जमीन दिखाकर एडवांस में कुल रु0 3,50,000/- रूपये ले लिया । प्रार्थी द्वारा बैनामा कराने को कहने पर टाल मटोल करने लगे । शक होने पर प्रार्थी द्वारा गहराई से जमीन के बारे में जाँच पड़ताल की गई तो ज्ञात हुआ कि विपक्षीगण द्वारा षडयंत्र एवं जालसाजी करके किसी अन्य महिला को मालती देवी बनाकर उसके फर्जी आधार कार्ड तैयार कराकर जालसाजी व आपराधिक विश्वासघात करके प्रार्थी का रु0 3,50,000/- हड़प लेना चाहते हैं । वादी की लिखित तहरीर के आधार पर थाना को0 नगर में सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया। जिसमें आज दिनांक 14.02.2026 को थाना को0 नगर पुलिस द्वारा विवेचना के दौरान दोषी पाए गए वांछित अभियुक्त- प्रमोद मौर्या उर्फ प्रमोद कुमार पुत्र छोटे उम्र 33 वर्ष निवासी बहबोलिया महादा थाना रिसिया जनपद बहराईच को बहबोलिया चौराहा के पास थाना क्षेत्र रिसिया जनपद बहराईच से गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध थाना को0 नगर पुलिस द्वारा अग्रिम विधिक कार्यवाही कर माननीय न्यायालय रवाना किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्त-
01. प्रमोद मौर्या उर्फ प्रमोद कुमार पुत्र छोटे उम्र 33 वर्ष निवासी बहबोलिया महादा थाना रिसिया जनपद बहराईच ।

पंजीकृत अभियोग-
01. मु0अ0सं0-280/25, धारा 319(2), 318 (4),338,336 (3),340 (2),316 (2) बीएनएस थाना को0 नगर जनपद गोण्डा।

गिरफ्तार कर्ता टीम-
01. उ0नि0 मनीष कुमार
02. का0 राहुल कुमार

मीडिया सेल, गोण्डा।